NNS
Media Group Since 1950
प्रकाशन
बदलते भारत की सभ्य तस्वीर
सप्ताहांत
# मेरी दिल्ली
Mob. : 8588849250, 9899632000 www.meridelhi.com www.nnsmediagroup.com

वर्ष - 36 अंक - 46 नई दिल्ली, 10 - 16 नवम्बर, 2024 कुल पृष्ठ - 08 वार्षिक शुल्क 200/- (डाक द्वारा) मूल्य : 3.00/-









# 6वें एन.सी. जिंदल पब्लिक स्कूल एल्युमनाई क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आज







**पंजाबी बाग।** एन.सी. जिंदल पब्लिक स्कूल एल्युमनाई क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे संस्करण का आयोजन रविवार, 10 नवंबर को स्कूल ग्राउंड पर सुबह 8 बजे से शुरू होगा। यह टूर्नामेंट न केवल खेल भावना को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि स्कूल के पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाकर पुराने यादगार पलों को ताजा करने का अवसर भी देगा। टूर्नामेंट में चार टीमों के बीच मुकाबला होगा जिनमें जिंदल टाइटन्स (प्रायोजक, अशोक गोयल, 1974 बैच), जिंदल स्ट्राइकर्स (प्रायोजक, विपिन पसरीचा, 1982 बैच), जिंदल ब्लास्टर्स (प्रायोजक, राजीव कपूर, 1981 बैच) एवं जिंदल वॉरियर्स (प्रायोजक, मयंक मित्तल, 2001 बैच) शामिल हैं।

एन.सी. जिंदल पब्लिक स्कूल एल्युमनाई एसोसिएशन के संरक्षक रिषिपाल(1981), चेयरमैन अशोक गोयल (1974), कार्यकारी चेयरमैन विपिन पसरीचा (1982) एवं अध्यक्ष योगेश मेहता (1984) कुशल नेतृत्व तथा अन्य प्रमुख सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से यह आयोजन और भी खास होने जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्देश्य स्कूल के पूर्व छात्रों के बीच आपसी मेल-जोल और सहयोग को बढ़ावा देना है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन को सफल बनाने के लिए कई पूर्व छात्र प्रायोजक के रूप में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जिनमें योगेश मेहता (1984), मंजू सिंघल (1989), प्रशांत मेहता (1996), प्रवीण तायल (1989),कुनाल अदलखा(2001), विक्रम कोहली (1993) एवं मुकेश अरोड़ा शामिल हैं।

# माता जानकी देवी जी की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य जांच शिविर और विशाल भंडारे का आयोजन



**सरस्वती विहार।** मोहन जानकी सेवा समिति द्वारा इस वर्ष भी माता जानकी देवी जी की 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर और विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। 21 नवंबर 2024 को सैंट्रल पार्क, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल के पास, सरस्वती विहार में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा। तत्पश्चात 11 बजे से भंडारा वितरण प्रारंभ होगा।

क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा हेतु इस कार्यक्रम में स्थानीय निगम पार्षद श्रीमती शिखा गुप्ता भारद्वाज जी को एक डेड बॉडी फ्रीजर भी सुपुर्द किया जाएगा, जो समिति की जनसेवा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मोहन जानकी सेवा समिति के संस्थापक टेकचंद बंटी ग्रोवर ने समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि इस अवसर पर उपस्थित होकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें और समिति की टीम का हौसला बढ़ाएं।

# श्री शिव मंदिर सनातन धर्म सभा (पंजी.) जयदेव पार्क एवं भगवान दास नगर द्वारा तुलसी विवाह महोत्सव का आयोजन

## भक्तिमय माहौल में 12 नवंबर को होगा भगवान शालिग्राम और तुलसी माता का पवित्र विवाह




मेघराज गोयल

**नई दिल्ली।** श्री शिव मंदिर सनातन धर्म सभा (पंजी.) जयदेव पार्क एवं भगवान दास नगर द्वारा तुलसी विवाह महोत्सव का आयोजन 12 नवंबर को किया जा रहा है। इस पवित्र अवसर पर श्री तुलसी देवी का विवाह भगवान शालिग्राम के साथ पूरे रीति-रिवाज और भक्तिभाव से संपन्न किया जाएगा।

कार्यक्रम के अनुसार, भगवान शालिग्राम जी की बारात सुबह 9 बजे प्रस्थान करेगी और 10.30 बजे डब्ल्यूजेड-4 पंजाबी गार्डन पहुंचेगी। विवाह की रस्में दोपहर 12 बजे शुरू होंगी। यजमान के रूप में मेघराज गोयल एवं उनका समस्त परिवार शामिल होगा। आयोजन समिति ने सभी भक्तों को इस मंगल कार्य में उपस्थित होकर पुण्य का भागी बनने का आग्रह किया है।

विवाह समारोह के उपरांत सभी भक्तों के लिए प्रसाद का प्रबंध किया गया है। यह आयोजन सभी भक्तों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे इस पवित्र विवाह में भाग लें और भगवान शालिग्राम और तुलसी माता के विवाह के साक्षी बनें।



NNS Media Group Since 1950 74 Years
प्रकाशन
बदलते भारत की सभ्य तस्वीर
सप्ताहांत
# मेरी दिल्ली
Mob. : 8588849250, 9899632000 www.meridelhi.com www.nnsmediagroup.com
संस्थापक : स्वर्गीय नेकीराम गुप्ता • प्रेरणास्त्रोत : स्व. केसर सिंह गुप्ता • संपादक : राजेश गुप्ता • संवाददाता : अक्षय गुप्ता • कार्यालय : मेरी दिल्ली हाउस, 25/10, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-26 • मूल्य 3.00/- /MeriDelhiNews Email : nnsonline@nnsonline.com

Please login our website:
www.nnsmediagroup.com
NNS National News Service | व्यापार केसरी | मेरी दिल्ली
Business Star | Agriculture & Horti Expo | Government Achievements & Schemes Expo
मेरी दिल्ली उत्सव | मेरी दिल्ली अवार्ड्स | Global Business Icon Awards | Rashtriya Icon Awards

08882-500-400
The Maidens Crown Banquets
PEERAGARHI
WAZIRPUR
ROHINI

08882-500-400
Royal Pepper banquets
PEERAGARHI
WAZIRPUR
ROHINI




# महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी के रजत जयंती वर्ष का समापन समारोह आज

## विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति महामहिम जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** पूरे देश के प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों की इंडिया टुडे समूह द्वारा की गई रैंकिंग में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी सहित अनेकों शिक्षण संस्थाओं का संचालन करने वाली संस्था महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी के रजत जयंती वर्ष का समापन समारोह आज रविवार 10 नवंबर को विज्ञान भवन के प्लैनरी हाल में आयोजित किया जा रहा है। भारत के उपराष्ट्रपति महामहिम जगदीप धनखड़ समारोह के मुख्य अतिथि हैं। गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रो (डॉ.) महेश वर्मा, महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी के संस्थापक चेयरमैन एवं महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नंदकिशोर गर्ग, तथा सोसायटी के चेयरमैन विनीत कुमार गुप्ता 'लोहिया' सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संसद टी वी चैनल पर किया जाएगा। सोसायटी के रजत जयंती वर्ष का शुभारंभ भारत के 15 वें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कर कमलों द्वारा 16 फरवरी 2023 में किया गया था।


**महामहिम जगदीप धनखड़**
**उपराष्ट्रपति, भारत**

उल्लेखनीय है कि सोसायटी की स्थापना विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने के संकल्प के साथ 21 दानवीरों द्वारा की गई थी। 1999 में इंजीनियरिंग के पहले बैच को प्रवेश दिया गया था जिसमें कुल 180 विद्यार्थी सम्मिलित थे। पिछले 25 वर्षों में सोसायटी की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज इसके द्वारा संचालित संस्थानों में 10 हजार से अधिक विद्यार्थी नर्सरी से लेकर पीएच डी की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सोसायटी द्वारा संचालित संस्थानों में महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी, महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय एवं महाराजा अग्रसेन बिजनेस स्कूल प्रमुख हैं। इन संस्थानों के विद्यार्थी आज भारत ही नहीं वरन पूरी दुनिया की कंपनियों में आकर्षक पैकेज पर काम करते हुए भारत की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। स्थिति यह है कि इन संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश नहीं करनी पड़ती बल्कि नौकरी स्वयं उनकी तलाश करती है। एक-एक विद्यार्थी को चार-चार कंपनियों के नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हो जाते हैं। यही कारण है कि समिति द्वारा संचालित सभी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों का आकर्षण वर्ष दर वर्ष बढ़ता चला जा रहा है।


**डॉ. नंदकिशोर गर्ग**
**संस्थापक चेयरमैन**


**विनीत कुमार गुप्ता 'लोहिया'**
**चेयरमैन**

सोसायटी के संचालन में जिन महानुभावों द्वारा प्रमुख रूप से योगदान दिया जा रहा है उनमें संस्थापक चेयरमैन डॉ. नंदकिशोर गर्ग, चेयरमैन विनीत कुमार गुप्ता 'लोहिया', कार्यकारी चेयरमैन एस पी अग्रवाल, वरिष्ठ वाइस चेयरमैन सुंदर लाल गोयल, इंजीनियर रविंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. रमेश गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवाल, उमेश गुप्ता, जगदीश मित्तल, ओ पी गोयल, डॉ. ज्ञानचंद अग्रवाल, इंजीनियर एस सी तायल, एस पी गोयल, प्रो. एम एल गोयल, सीईओ ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, महामंत्री इंजीनियर टी आर गर्ग, संयुक्त महामंत्री मोहन गर्ग, संजीव गोयल, कोषाध्यक्ष आनंद गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष विवेक गर्ग, सचिव अमरनाथ जिंदल, अनिल रोशन लाल अग्रवाल, संगीता गुप्ता, सतीश गर्ग, विक्रम गर्ग, रजनीश गुप्ता, अविनाश अग्रवाल, कंट्रोल बोर्ड सदस्य गोविंद अग्रवाल, निर्मल प्रेम सागर गोयल, इंजीनियर राम करण गुप्ता, सतीश चंद्र गुप्ता एवं सिल्वर जुबली आयोजन समिति के संयोजक डॉ. सुबोध जिंदल सम्मिलित हैं।

# श्री राम कृष्ण सेवा संस्थान (पंजी.) एवं लेक एरिया रेजिडेंट्स एसोसिएशन (लारा) द्वारा दीप दीपावली का भव्य आयोजन

## मॉडल टाउन के नैनी झील पर 15 नवंबर को दीपोत्सव की भव्य तैयारी, 1100 दीपों से होगी दीपमाला और महाआरती

**मॉडल टाउन।** श्री राम कृष्ण सेवा संस्थान (पंजी.) एवं लेक एरिया रेजिडेंट्स एसोसिएशन (लारा) द्वारा मॉडल टाउन फेज-1 स्थित नैनी झील पर 'दीप दीपावली' का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शुक्रवार, 15 नवंबर को सायं 6 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक होगा। इस दौरान झील के किनारे 1100 दीपकों से दीपमाला सजाई जाएगी और एक दिव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा।



आयोजन में श्री राम कृष्ण सेवा संस्थान (पंजी.) के चेयरमैन ओम प्रकाश बागला, प्रधान महेंद्र कुमार गुप्ता, निवर्तमान प्रधान पुष्पेंद्र कुमार गोयल, महामंत्री जय प्रकाश गोयल, अध्यक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम ललित पोद्दार, अध्यक्ष समाजसेवा श्याम सुन्दर गुप्ता, विशिष्ट उप-प्रधान सतीश जिंदल एवं रतीश मित्तल, मंत्री राजेश्वर गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष प्रदीप बेरीवाल ने सभी लोगों से इस दीपोत्सव में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

मेरी दिल्ली हिन्दी दैनिक
की खबरें अपने मोबाईल पर पाने के लिए Like करें फेसबुक पर
www.facebook.com/meridelhinews

Jai Guru Ji
# Physiotherapy At Home
NOW YOU HAVE A CHANCE TO RID OF
• Neck Pain • Shoulder Pain • Elbow Pain • Knee Pain • Hand Pain
• Ankle Pain • Hip Pain • Sciatica • Back Pain • Heel Pain
PUNJABI BAGH
BOOK YOU SEATS NOW!
FOR HOME VISIT POOJA DHAWAL
93556 27030 • 96545 30948






# महाशक्ति की राह में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की चुनौतियां


राजेश गुप्ता

हम अपने देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने का सपना देख रहे हैं और बड़े-बड़े दावे करते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि देश के आम आदमी को अब तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। वैसे तो ट्रेनों में सीट उपलब्धता की कमी हर समय बनी रहती है लेकिन त्योहारों के समय यह समस्या और भी विकराल हो जाती है। शादियों के सीजन, दिवाली और छठ जैसे महापर्वों पर जब महानगरों से लाखों प्रवासी अपने घर लौटना चाहते हैं, तब वे टिकटों की कमी, ट्रेनों में भीड़ और बसों की ऊंची कीमतों का सामना करने के लिए विवश होते हैं। ऐसे समय ट्रेनों में टिकटों की भारी कमी और मौजूदा सुविधाओं का अभाव एक बड़ी समस्या बन जाती है। देश के हजारों लोग अपने घर नहीं पहुंच पाते हैं। मजबूरी में लोग शौचालयों और यहां तक कि ट्रेन के दरवाजों से लटककर सफर करने को मजबूर होते हैं। इसके अलावा, जनरल टिकट वाले यात्रियों के लिए लंबी कतारों का सामना करना आम हो गया है। इस दौरान बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान होते हैं, क्योंकि उनके लिए इस भीड़-भाड़ में यात्रा करना बेहद कठिन हो जाता है। जब ट्रेनों में जगह नहीं मिलती, तो लोग बसों का सहारा लेते हैं। इस दौरान सरकारी बसों की संख्या में कमी होने के कारण लोग प्राइवेट बसों का रुख करते हैं, जिनका किराया त्योहारों के समय कई गुना बढ़ जाता है। इमरजेंसी में हवाई जहाज के किराए भी आसमान छूते हैं। प्राइवेट बसों में क्षमता से अधिक यात्री भर दिए जाते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं।

यह स्थिति केवल असुविधा का प्रतीक नहीं है, बल्कि यात्रियों के जीवन के लिए गंभीर खतरा भी है। हाल ही में उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुई दुर्घटना इसका एक स्पष्ट उदाहरण है, जहां 37 सीटों वाली बस में 60 यात्री सवार थे और दुर्घटना के कारण 36 लोगों की जान चली गई। सवाल यह है कि हम कब तक इन बुनियादी समस्याओं की अनदेखी करते रहेंगे ? जिस देश को महाशक्ति बनने का सपना दिखाया जा रहा है, वहां यदि नागरिकों को सुरक्षित और आरामदायक पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, तो यह विकास केवल आंकड़ों तक ही सीमित रहेगा। किसी भी देश की तरक्की का मापदंड केवल आर्थिक आंकड़ों से नहीं होता, बल्कि उस देश की जनता को मिलने वाली सुविधाओं और उनकी गुणवत्ता से होता है। जरूरत है कि सरकार इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करे और त्योहारों के समय परिवहन सुविधाओं में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए। ट्रेनों की संख्या में वृद्धि, बुकिंग सिस्टम का सुधार और निजी बसों के किरायों को नियंत्रित करने के लिए नीतियां बनानी चाहिए। इसके साथ ही यात्रियों की सुरक्षा के लिए कड़े नियम बनाए जाएं और वाहनों की क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने पर कठोर कार्रवाई की जाए। हमारे पास अवसर है कि हम अपने देश के विकास को सही दिशा में ले जाएं और जनता को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराकर एक सशक्त और सुविधासंपन्न राष्टकी ओर आगे बढ़ें। अगर हम वास्तव में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने का सपना देखते हैं, तो सबसे पहले हमें अपने नागरिकों की परिवहन संबंधी परेशानियों को दूर करना होगा।

E-mail : rgupta@nnsonline.com

# मां बगलामुखी शक्ति पीठम कार्यालय का शुभारंभ भव्यता से संपन्न





**नई दिल्ली।** मां बगलामुखी शक्ति पीठम के नए कार्यालय का शुभारंभ 3 नवंबर को एक भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। न्यू राजेंद्र नगर स्थित 339-340, डबल स्टोरी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए।

मां बगलामुखी शक्ति पीठम के संस्थापक साधक आचार्य श्री भरत जी महाराज के सान्निध्य में हुए इस उद्घाटन समारोह में भक्तों ने गहन आध्यात्मिक ऊर्जा और आस्था का अनुभव किया। अजय शास्त्री जी ने बताया कि इस नए कार्यालय के माध्यम से भक्तों को धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों का लाभ मिलेगा, जिससे वे अपने जीवन में सकारात्मकता और शांति का अनुभव कर सकेंगे।

# सुविख्यात समाजसेवी एवं उद्योगपति कमल कृष्ण अरोड़ा को समाज ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि







**नई दिल्ली।** समाजसेवा और उद्योग जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले सुविख्यात समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री कमल कृष्ण अरोड़ा जी का 6 नवंबर को स्वर्गवास हो गया। उनके आत्मिक शांति के लिए 9 नवंबर को बावा नत्था सिंह वाटिका, वेस्ट पंजाबी बाग में उठाला एवं रस्म पगड़ी हुई। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने स्वर्गीय श्री कमल कृष्ण अरोड़ा जी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके योगदानों को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वर्गीय कमल कृष्ण अरोड़ा जी को समाज में उनकी परोपकारी भावना और सफल औद्योगिक योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। फार्मास्युटिकल क्षेत्र में उनकी कंपनियों विंग्स फार्मा, विंग्स बॉयोटेक एलएलपी और विंग्स नोविटस हेल्थकेयर एलएलपी ने चिकित्सा सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया और हजारों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। श्री अरोड़ा जी का जीवन समाज और उद्योग दोनों में एक प्रेरणा बना रहेगा।

स्वर्गीय श्री कमल कृष्ण अरोड़ा जी अपने पीछे धर्मपत्नी श्रीमती उषा अरोड़ा, पुत्र एवं पुत्रवधू दीपांशु अरोड़ा-शीनम, पुत्री दिव्या अरोड़ा, भाई एवं भाभी आर.पी. अरोड़ा-रेनू, आर.के. अरोड़ा-किरन, अनिल अरोड़ा-एला, बहन एवं बहनोई कृष्णा-पी.पी. चानना, उमा-नरेश चुग, कांता वाधवा, अनीता-अजय खुराना, भतीजे, भतीजी एवं पोते-पोतियां सायरा, वरुण, प्रेरणा, सेलीना, वियान, अनीशा एवं अंशुल वलेचा, दीप्ती एवं अनीश बत्रा, अक्षय, निकिता, आदित्य, नीती, आर्यन, आयशा आदि का शोकाकुल परिवार छोड़ गए हैं।

'मेरी दिल्ली परिवार' श्री कमल कृष्ण अरोड़ा जी के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता है कि वे ऐसी पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को इस असह्य दु:ख को सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

## मेरी दिल्ली -मेरी शान

# यमुना और पराली समस्या आधे-अधूरे प्रयासों का नतीजा


अक्षय गुप्ता

हर साल छठ पूजा का पर्व आते ही यमुना नदी का प्रदूषण अचानक से राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बन जाता है। तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगते हैं, जिनमें यमुना में झाग, गंदगी और विषैले रसायन साफ नजर आते हैं। ऐसे में ऐसा लगता है जैसे कि यमुना में प्रदूषण की समस्या केवल इसी त्योहार के दौरान उत्पन्न होती है। जबकि सच्चाई इससे कहीं अधिक जटिल और चिंताजनक है। वास्तव में यमुना का प्रदूषण सालभर बना रहता है, लेकिन इस पर गंभीर चर्चा और ठोस कदम तभी उठते हैं जब कोई विशेष आयोजन या पर्व सामने आता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्थानीय प्रशासन हर साल छठ के दौरान कार्यवाही करते नजर आते हैं। पूजा स्थलों पर अवरोधक लगाए जाते हैं, और सफाई अभियानों की तस्वीरें साझा की जाती हैं। परंतु ये सब केवल दिखावटी प्रयास हैं। यमुना की असली सफाई के लिए एक दीर्घकालिक और ठोस योजना की जरूरत है। आधे-अधूरे मन और अस्थायी उपायों से यह समस्या हल नहीं होगी। यमुना को स्वच्छ रखने के लिए पहला कदम है-नदी में गिरने वाले अनुपचारित औद्योगिक कचरे और घरेलू सीवेज का प्रवाह रोकना। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में हजारों औद्योगिक इकाइयां हैं, जो प्रतिदिन भारी मात्रा में कचरा यमुना में प्रवाहित करती हैं। जल शोधन संयंत्रों की संख्या और क्षमता बढ़ाने की दिशा में पर्याप्त निवेश नहीं किया गया है। इन बुनियादी सुधारों के बिना, हर साल छठ के दौरान की जाने वाली सफाई अभियान सिर्फ एक औपचारिकता बनकर रह जाएगी।

इसी तरह, पराली जलाने की समस्या भी एक नियमित संकट बन गई है। हर साल अक्टूबर-नवंबर में दिल्ली और उत्तर भारत में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है, जिसमें पराली जलाने का अहम योगदान है। हालांकि, सरकार ने किसानों पर जुर्माना लगाने जैसे कदम उठाए हैं, लेकिन इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। अब तो सरकार ने जुर्माने की राशि बढ़ाकर दोगुनी भी कर दी है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इससे पराली की समस्या का हल निकलेगा ? वास्तव में किसानों पर जुर्माना लगाने या उन्हें सजा देने से समस्या जड़ से खत्म नहीं होगी। पराली जलाने का कारण आर्थिक और प्रौद्योगिकीगत संसाधनों की कमी है। छोटे और मध्यम किसान अपनी फसलों के अवशेषों को नष्ट करने के लिए सस्ते और त्वरित विकल्प ढूंढते हैं, और पराली जलाना उनके लिए सबसे आसान उपाय बन जाता है। समस्या का स्थायी समाधान तभी संभव है जब किसानों को पराली के प्रबंधन के लिए सस्ती और व्यावहारिक तकनीकें उपलब्ध कराई जाएं। सरकार ने बायो-डीकंपोजर और पराली से खाद बनाने की तकनीकें पेश की हैं, लेकिन इनका दायरा सीमित है। वहीं पराली को खेत में ही नष्ट करने वाली सुपर-सीडर और स्ट्रॉ रीपर जैसी मशीनों को किसानों के लिए किफायती बनाना चाहिए। इसके अलावा, पराली को बायोमास ऊर्जा उत्पादन में इस्तेमाल करने की व्यापक नीति लागू की जानी चाहिए। इससे प्रदूषण कम होगा और किसानों को अतिरिक्त आय का जरिया भी मिलेगा। कुल मिलाकर यमुना की सफाई और पराली जलाने की समस्या को हल करने के लिए केवल कड़े कानून और जुर्माने काफी नहीं हैं। इसके लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। यमुना के लिए प्रभावी कचरा प्रबंधन और पराली के लिए किसानों को वित्तीय व तकनीकी सहायता प्रदान करनी होगी। सिर्फ त्योहारों और सीजनल संकटों के दौरान जागरूक होने की बजाय, पर्यावरण संरक्षण को हर दिन की प्राथमिकता बनानी होगी।

E- Mail : akshaynns@gmail.com

# अग्रवाल देवालय धाम, बोरीवली में अन्नकूट छप्पनभोग सम्पन्न





**मुम्बई।** अग्रबंधू सेवा समिति मुम्बई के अध्यक्ष अमरीशचन्द्र अग्रवाल द्वारा 25 वर्ष पूर्व निर्मित मन्दिर अग्रवाल देवालय धाम बोरीवली में लगभग सभी देवी-देवता विराजमान हैं। 2 नवम्बर को यहां अन्नकूट/छप्पनभोग का आयोजन पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर लगभग 500 भक्तों ने दर्शन लाभ करके छप्पनभोग प्रसाद ग्रहण किया तथा महाआरती में सहभागी बने। ट्रस्टी कानबिहारी अग्रवाल के सुपुत्र शैलेष अग्रवाल, जे.पी. सिंह व उनके सुपुत्र तथा जयेश भाई और अन्य सामाजिक/धार्मिक व्यक्तियों एवं महिलाओं ने इस उत्सव का आनन्द लिया।

समाजसेवी दीपचन्द पन्नालाल (मावा वाले), मुम्बई के नरेन्द्र एस. अग्रवाल के बोरीवली स्थित निवास में गोवर्धन पूजा में अनुज हरीश अग्रवाल, विजय अग्रवाल एवं समाजसेवी कानबिहारी अग्रवाल के साथ उपस्थित सभी परिजनों ने धूमधाम से पूजन सम्पन्न करते हुए सात कोस की परिक्रमा के निमित्त 7 परिक्रमा पूर्ण कर प्रसाद ग्रहण किया।

# सांसद कमलजीत सहरावत एवं भाजपा नेता कैलाश सांकला ने छठ व्रतधारियों को दी मंगलकामनाएं



**पंजाबी बाग।** लोक आस्था, सूर्य उपासना, छठ महापर्व के तीसरे दिन संध्या अर्घ्य के पावन अवसर पर पश्चिमी दिल्ली सांसद कमलजीत सहरावत एवं भाजपा मादीपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कैलाश सांकला ने मादीपुर विधानसभा में छठ घाटों पर छठ पूजा करके छठी मैया एवं सूर्यदेव भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करके हजारों व्रतधारीयो एवं पूर्वांचल भाई बहनों को शुभकामनाएं दी।

साथ में भाजपा पश्चिमी जिला अध्यक्ष चंद्रपाल बक्शी , महामंत्री कुणाल साहनी, संतोष गुप्ता, पंजाबी बाग से लोकप्रिय निगम पार्षद सुमन आनंद त्यागी, पंजाबी बाग मंडल अध्यक्ष कमल तंवर, मादीपुर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण दास पप्पी, आयोजन समिति के अध्यक्ष बसई दारापुर सुनील वर्मा, मादीपुर सत्यनारायण यादव, कपिल मुनि राय, अरुण शर्मा, रघुवीर नगर किरोड़ीमल, मुकेश कुमार, सुनील चौहान सहित आयोजन समिति के सभी गणमान्य पदाधिकारी के साथ छठ घाटों पर छठ मैया की पूजा अर्चना की।


मेरी दिल्ली सप्ताहांत

मेरी दिल्ली हाउस, 25/10
ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-26
आर.एन.आई. नं. : 49326/89
रजि. नं. : DL (W) 05/2065/2024-2026
लाइसेंस नं. : U (W) - 8/2021-2023
संस्थापक : स्व. नेकी राम गुप्ता
प्रेरणास्त्रोत : स्व. केसर सिंह गुप्ता
संपादक : राजेश गुप्ता
वार्षिक शुल्क
साधारण डाक से : 200 रु.
विज्ञापन व प्रशासन
मो.-8447732401, 9899632000
इंटरनेट सर्विस:
www.nnsmediagroup.com
ई-मेल : nnsonline@.nnsonline.com

स्वत्वाधिकारी एन.एन.एस. ऑनलाइन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेश गुप्ता द्वारा 25/10, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026 से प्रकाशित तथा विभा पब्लिकेशन प्रा.लि., डी-160 बी, सेक्टर-7, नोएडा से मुद्रित लिखित अनुमति के बिना सम्पूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित।



नोट : 'मेरी दिल्ली' में प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा।

आवश्यक सलाह : विज्ञापन में किए गए दावों के संबंध में किसी निर्णय से पहले पाठक सभी तथ्यों की समुचित जांच स्वयं कर ले। किसी भी प्रकार के लेन-देन / दावे के लिए समाचारपत्र जिम्मेवार नहीं है।

सूचना- वस्तु उपयोग व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की प्रामाणिकता के लिए अपने स्वास्थ्य सलाहकार या डॉक्टर की सलाह पर ही अमल करें। 'मेरी दिल्ली' प्रबंधन इसके लिए उत्तरदायी नहीं है।



'मेरी दिल्ली'
साप्ताहिक वेबसाईट पर पढ़ने के लिए
QR Code स्कैन करें
https://www.meridelhi.com/


# शिव शक्ति साधना मंच कर्मपुरा द्वारा छठ पूजा का भव्य आयोजन








**कर्मपुरा।** शिव शक्ति साधना मंच कर्मपुरा की ओर से महाकवि विद्यापति छठ पार्क, कमर्शियल कॉम्पलेक्स, कर्मपुरा में छठ पूजा के पावन पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अपने परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एमसीडी करोल बाग ज़ोन के चेयरमैन राकेश जोशी और आम आदमी पार्टी वार्ड 89 के अध्यक्ष एम.के. सिंह ने भी शिरकत की। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और इस सफल आयोजन के लिए शिव शक्ति साधना मंच के सभी सदस्यों की सराहना की। मंच के प्रमुख सदस्य जयमोहन झा, विजय झा, दयानंद सिंह, विजय कुमार शर्मा, केदार झा और वीरेन्द्र झा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों ने सूर्य भगवान की आराधना कर और पारंपरिक छठ गीतों के साथ पर्व का आनंद लिया। आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं के उत्साह ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। शिव शक्ति साधना मंच कर्मपुरा का यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता का एक बेहतरीन उदाहरण बना। इस आयोजन को सफल बनाने में केदार झा, वीरेंद्र झा, जय मोहन झा, विजय झा, दयानंद सिंह एवं विजय कुमार शर्मा ने अहम भूमिका निभाई ।

# एच एवं आई ब्लॉक कर्मपुरा में भव्य छठ पूजा महापर्व का आयोजन





**कर्मपुरा।** छठ पूजा समिति के तत्वावधान में एच एवं आई ब्लॉक कर्मपुरा में छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार तथा समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस भव्य आयोजन में समिति के प्रमुख सदस्यों राज किशोर, सुनील कुमार, संजीव राव, रोहित कुमार, राजीव कुमार, विजय पांडे, शिव बुक मुगधा, सुरेश सिंह, नागरानी, संजय, जनार्दन प्रसाद, शैलेश सिंह, और अभिषेक जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया और सभी ने मिलकर भक्ति गीतों का आनंद लिया। समिति के सदस्यों ने क्षेत्रवासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। इस आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और समर्पण का माहौल बना दिया, जिसमें हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एच एवं आई ब्लॉक कर्मपुरा में यह छठ पूजा महापर्व सामुदायिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बन गया। इस महापर्व को सफल बनाने में राज किशोर, सुनील कुमार, उमेश यादव, संजीव राय, रमेश कुमार, संजीत कुमार, विजय चौधरी, शिवकुमार गुप्ता, सुरेश सिंह, नागमणि, सुनील सिंह, संजय, जनार्दन प्रसाद, शैलेश सिंह एवं अभिषेक ने अहम भूमिका निभाई।




Bhupender Kumar Goel
9810257099, 8010657099
CP
Choice Property & Builders
Sale & Purchase of Kothies, Floors, Plots, DDA Flats, Commercial Properties Delhi & NCR
Resi.:- 106, Kapil Vihar, Opp. Metro Pillar No. 352, 353 Pitampura, Delhi-110034
E-mail : nikgoel03@yahoo.in





ओशोधारा ध्यान केन्द्र
कीर्ति नगर
साप्ताहिक "ध्यान एवं सत्संग" में सभी आमंत्रित हैं
ध्यान - शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए
- जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए
- एक शांत व आनंदित जीवन जीने के लिए एकमात्र उपाय है ध्यान।
प्रति रविवार
स्थान
कीर्ति क्लब पार्क, प्रथम तल
नजदीक टाटा पावर ऑफिस
एफ ब्लॉक, कीर्ति नगर
सुबह : 8:30 - 10 बजे (नि:शुल्क)
आचार्य मदन - 9311115970
आचार्य साहिबा - 7701838421



MALE-FEMALE PROBLEMS

MALE PROBLEMS
• Hormonal Imbalance
• Sexual Dysfunction
• Weakness Due To Diabetes
• Sperm Problems
• Urinary Problems
• Urogential Infection
FEMALE PROBLEMS
• Menstrual Problems
• Leucorrhea
• Undeveloped Breast
• Infertility Problems
• Urinary Problems
• Urogential Infection
Facilities:
Hormonal Analysis, Urine, Sugar, HIV, Seman, Penile Doppler Test, Sex Counselling, IUI Available
CONSULT QUALIFIED DOCTORS AT
PERFECT CLINIC
161, Kapil Vihar, Main Road, Pitampura, Delhi34
Helpline No. : 9810119422
Website : perfectclinic.co.in



ललित एण्ड पार्टी
★ भगवती जागरण
★ चौकी
★★ लेडीज संगीत
★★★ संगीत कार्यक्रम

मोबाइल : 9899193399-9811851698
304, पॉकेट-1, पश्चिम पुरी, शक्ति मार्किट रोड़, नई दिल्ली-63

# मेरी दिल्ली उत्सव के सफल आयोजन में बहुमूल्य योगदान के लिए प्रमुख हस्तियों का हुआ सम्मान













पीतमपुरा। किसी भी आयोजन की सफलता में उसके स्पॉन्सर्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। और जब बात राजधानी दिल्ली के सबसे बड़े दीवाली मेले 'मेरी दिल्ली उत्सव' की हो तो इन स्पॉन्सर्स की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। गत 25, 26 एवं 27 अक्टूबर को दिल्ली हाट पीतमपुरा में एनएनएस मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित एवं होटल जागीर पैलेस द्वारा प्रायोजित 17वें 'मेरी दिल्ली उत्सव' की अपार सफलता के लिए उसके सभी स्पॉन्सर्स के प्रति आभार प्रकट करने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मानित औद्योगिक-व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में होटल जागीर पैलेस, एसोसिएटेड रोड कैरियर्स लि., फुल टाइम एक्वाफ्रैश पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर, युनिबाउण्ड, बीकानेरवाला-बिकानो, सकरनी प्लास्टर, भारत टेस्ट हाउस, अल्पाइन लिविंग फर्नीचर एंड इंटीरियर, न्यू बैम्बले प्रोडक्टस एलएलपी, भारत बर्तन भंडार-रानी बाग, पंजाबी बाग क्लब, चैनल पार्टनर न्यूज 1 इंडिया, डिजिटल मीडिया पार्टनर थिंक क्रिएटिव थिंक पर्पल, चॉटतड़का, पेन्टागन डिजाईन्स एवं एसएमजी इवेन्टस आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर देश-विदेश की तमाम नामचीन हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें प्रमुख रूप से नब्ध अल एमरात के चेयरमैन डॉ. खालिद अल बलूशी, नब्ध अल एमरात के सीईओ, एएनपीएम बोर्ड ऑफ डायरेक्टर डॉ. कबीर के. वी., चांदनी चौक दिल्ली से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता, बॉलीवुड एक्टर, डायरेक्टर एवं प्रोड्यूसर वसीम अमरोही, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, विधायक शिवचरण गोयल, राजेश गुप्ता, गिरीश सोनी, अखिलेश पति त्रिपाठी एवं भावना गौड़, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री जितेन्द्र सिंह तोमर, निगम पार्षद अमित नागपाल, अजय रवि हंस, मोनिका गोयल, त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व निगम पार्षद तिलक राम गुप्ता, पूर्व निगम पार्षद वेदप्रकाश गुप्ता एवं कैलाश सांकला, वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण मदान, महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के प्रधान सुभाष गुप्ता, महिला मंडल पंजाबी बाग की संस्थापक अध्यक्षा डॉ. मीना गुप्ता आदि शामिल रहे।

मेरी दिल्ली उत्सव के सफल आयोजन में जिन महानुभावों का प्रमुख योगदान रहा उनमें मुख्य रूप से होटल जागीर पैलेस एवं इलिऑस कैफे एंड बार के मैनेजिंग डायरेक्टर सरदार जगदीप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी अर्शप्रीत कौर, एसोसिएटिड रोड कैरियर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर महेंद्र गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी अनीता गोयल, फुल टाइम एक्वाफ्रैश पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के सीएमडी सौरव गुप्ता, युनिबाउण्ड की सीईओ एवं फाउंडर तन्वी गुप्ता, बीकानेरवाला फूड्स के डायरेक्टर चांद किशोर अग्रवाल, सकरनी प्लास्टर के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक गुप्ता, भारत टेस्ट हाउस के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव गुप्ता, विश्वस्तरीय कम्पनी अल्पाइन लिविंग के सीईओ स. परमिन्दर सिंह सचदेवा, विश्वकर्मा इंटीरियर के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेन्द्र शर्मा, वैलकम थिनर एवं रेड्यूसर के निर्माता डॉ. एचबीएस लाम्बा, सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति रानीबाग व्यापार महासंघ के चेयरमैन बाबू राम गुप्ता एवं उनके होनहार पुत्र तथा भारत बर्तन भंडार रानीबाग के मैनेजिंग डायरेक्टर विनोद गुप्ता, पंजाबी बाग क्लब के प्रधान गुरिन्दर पाल सिंह 'राजू', महामंत्री सतीश जिंदल एवं कोषाध्यक्ष पंकज अरोड़ा, न्यूज इंडिया 1 के सीएमडी अनुराग चड्ढा, थिंक क्रिएटिव थिंक पर्पल की फाउंडर सौम्या सिंगला, चाटतड़का के सीएमडी मानस अरोड़ा, एसएमजी इवेंट्स के डायरेक्टर मनीष मलिक एवं पेन्टागन डिजाईन्स के फाउंडर पार्टनर श्री विक्रम एण्ड सुश्री बलजीत आदि शामिल रहे। इस अवसर पर 'एनएनएस मीडिया ग्रुप' के सीएमडी राजेश गुप्ता, डायरेक्टर अक्षय गुप्ता एवं तन्वी गुप्ता ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।

इस तीन दिवसीय '17वें मेरी दिल्ली उत्सव' में लोगों की भारी भीड़ जुटी। जिन्होंने भरपूर मनोरंजन के साथ जमकर त्योहारों की खरीददारी भी की। उत्सव के दौरान श्री बांके बिहारी जी की भव्य झांकी प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रही। उत्सव में लोगों के चहेते फिल्म एव टी.वी. कलाकारों ने अपने बेहतरीन स्टेज परफार्मेंस से लोगों को मस्ती में झूमने पर विवश कर दिया। एसएमजी इवेंट्स द्वारा मनमोहक स्टेज शो परफार्मेंस पेश किया गया। इसके अलावा मैजिक शो के हैरतअंगेज करतब भी देखने को मिला। भाग्यशाली विजेताओं को स्टेज से तोहफे भी दिए गए। उत्सव में ज्वैलरी, ट्रेडिशनल एंड वेस्टर्न ड्रेसेज, मेकअप, हैण्डबैग, होम डेकोर सहित 200 से अधिक विभिन्न आकर्षक लाइफ स्टाइल स्टॉल भी लगाए गए थे, जहां लोगों ने त्योहारों की जमकर खरीददारी भी की।

इसके अलावा बच्चों के लिए झूले, गेम्स स्टॉल्स, ऊंट एवं घोड़े की सवारी, राजस्थानी नगाड़े, ढोल-ताशे एवं राजस्थानी लोक नृत्य भी उत्सव का प्रमुख आकर्षण रहा। बच्चों के लिए टैटू लगाने एवं महिलाओं के लिए मेहंदी तथा नेल आर्ट की भी व्यवस्था की गई थी। पेंटागन डिजाइंस द्वारा पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था।





















# महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल में 23 मंजिला ऑटोमेटिक कार पार्किंग के नक्शे को निगम से स्वीकृति मिली


सुभाष गुप्ता, प्रधान



प्रस्तावित कैंसर विंग एवं ऑटोमेटिक 23 मंजिला कार पार्किंग का प्रारुप


नरेश ऐरन, महामंत्री

**पंजाबी बाग।** महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल पंजाबी बाग में 23 मंजिला ऑटोमेटिक कार पार्किंग के नक्शे को दिल्ली नगर निगम द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान सुभाष गुप्ता एवं महामंत्री नरेश ऐरन ने बताया कि कार पार्किंग का नक्शा पहले से स्वीकृत तो था लेकिन उसमें ऑटोमेटिक सिस्टम का प्रावधान नहीं था। बदलते परिवेश एवं जीवन शैली को देखते हुए ट्रस्ट द्वारा कार पार्किंग को ऑटोमेटिक बनाने का निर्णय किया गया जिससे अस्पताल आने वाले लोगों को अपनी कार पार्क करने एवं पुन: वापस लेने में ज्यादा समय तक प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसीलिए कार पार्किंग का नक्शा निगम के पास पुन: स्वीकृति के लिए भेजा गया जिसकी स्वीकृति अब मिल चुकी है। अब कार पार्किंग का भी काम प्रारंभ होने जा रहा है। इस कार पार्किंग के निर्माण के बाद लोगों को अपनी कार पार्क करने एवं वापस प्राप्त करने में अधिकतम 5 मिनट का समय लगेगा। इस प्रकार की ऑटोमेटिक कार पार्किंग अभी दिल्ली में बहुत ही कम स्थानों पर उपलब्ध है।

ट्रस्ट द्वारा हरसंभव प्रयास किया जाता है कि यहां आने वाले मरीजों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएं। दानवीर भाइयों के सहयोग से समाज के सभी वर्ग के लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में ट्रस्ट हमेशा ही सफल होता है। इसका कारण यह है कि अस्पताल में होने वाली मानव सेवा को देखकर दानवीरों का मन स्वत: इसमें सहयोग करने के लिए प्रेरित हो जाता है। आवश्यकता केवल प्रोजेक्ट के बारे में उनको जानकारी देने की रहती है।

ट्रस्ट के प्रधान सुभाष गुप्ता एवं महामंत्री नरेश ऐरन के अनुसार कैंसर विंग का निर्माण कार्य पहले से ही युद्ध स्तर पर चल रहा है। चार मंजिलों का लेंटर डाला जा चुका है एवं पांचवी मंजिल का लेंटर 20 नवंबर तक डाल दिया जाएगा। कार पार्किंग एवं कैंसर विंग का निर्माण करने वाली कंपनियों को काम पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की जा चुकी है। ट्रस्ट द्वारा 2025 में कैंसर विंग एवं कार पार्किंग का शुभारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही बहादुरगढ़ में भी महाराजा अग्रसेन सत्य नारायण गुप्ता अस्पताल अपनी सेवाएं प्रारंभ कर चुका है और उसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। वहां प्राइवेट हॉस्पिटल का भी निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। दोनों ही अस्पतालों का विशाल एवं भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित करने की तैयारी चल रही है जिसमें हजारों की संख्या में ट्रस्टी भाइयों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित करने की योजना है।

# एस.बी.मिल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल एलुमनी का ग्रैंड प्लेटिनम जुबली समारोह आज





विवेक सरदाना (अध्यक्ष)


डॉ. राजीव माथुर (महासचिव)


अरुण बंसल (कोषाध्यक्ष)

**नई दिल्ली।** एस.बी. मिल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल एलुमनी द्वारा अपने स्कूल विद्या मंदिर के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 10 नवम्बर को सुबह 11.30 बजे से ग्रैंड प्लेटिनम जुबली समारोह द फ्लोरेंस बैंक्वेट हॉल, शिवाजी मार्ग, मोती नगर में आयोजित किया जा रहा है। एस.बी. मिल्स स्कूल ने अपने 75 वर्षों के दौरान एक से बढ़कर एक शख्सियत देश को दी हैं, जिनमें डॉक्टर, आईएस, आईपीएस, राजनीतिज्ञ, फिल्म अभिनेता, चार्टर्ड एकाउंटेंट, शिक्षाविद् इत्यादि देशसेवा में समर्पित विभिन्न पदों पर आसीन पदाधिकारी हैं। राजनीतिज्ञ नन्द किशोर गर्ग तथा भारतीय वायु सेवा के मौजूदा एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह भी विद्या मंदिर स्कूल की देन हैं। ऐसे बहुत से व्यक्तित्व हैं जिन्होंने एस.बी. मिल्स स्कूल से शिक्षा प्राप्त करके देश और समाजसेवा करके देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

विद्या मंदिर स्कूल की मजबूत नींव रखने के लिए पूर्व प्रिंसिपल स्व. श्री अविनाश चन्द्र अग्निहोत्री का हमेशा अतुलनीय योगदान रहा है जिनके मार्गदर्शन में स्कूल ने बहुत सारे हीरे तराश कर दिए थे। इस अवसर पर स्कूल एलुमनी उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। अभी मौजूदा प्रिंसिपिल डॉ. प्रीति शुक्ला इसी परम्परा को निभाते हुए स्कूल को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। स्कूल आज भी सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में दिल्ली में प्रथम स्थान पर है। स्कूल का 10वीं और 12वीं का परिणाम भी शत- प्रतिशत आता है।

एस.बी. मिल्स स्कूल एलुमनी के अध्यक्ष विवेक सरदाना ने बताया कि स्कूल के पूर्व छात्र वार्षिक समारोह जिसका आयोजन इस वर्ष प्लेटिनम जुबली समारोह के रूप में किया जाएगा,10 नवम्बर को मनाया जाएगा। इसमें स्कूल के पूर्व छात्र ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने जीवन साथी के साथ उपस्थित होकर स्कूल की पुरानी यादों को ताजा करने के साथ अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लेते हुए इस प्लेटिनम जुबली समारोह को यादगार बनाएं।

# साइबर क्राइम और डिजिटल धोखाधड़ी पर कार्यशाला का आयोजन


संजय कुमार, एसीपी

**पंजाबी बाग।** पश्चिमी दिल्ली साइबर क्राइम की ओर से साइबर क्राइम और डिजिटल धोखाधड़ी पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला आज यानि रविवार, 10 नवंबर को सुबह 7:45 बजे वीर सावरकर पार्क, वेस्ट पंजाबी बाग में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में एसीपी संजय कुमार मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे, जो साइबर क्राइम और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन देंगे।

पंजाबी बाग यूनाइटेड फोरम द्वारा आयोजित इस कार्यशाला के संयोजक ईश्वर चंद बंसल और विवेक गर्ग हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी देना है।


ईश्वर चंद बंसल


विवेक गर्ग

# अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन दिल्ली प्रदेश के सदस्यों की संख्या 55 हजार से 1 लाख करने का लक्ष्य





**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष देशबंधु गुप्ता की अध्यक्षता में 8 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में मीटिंग सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में महावीर गोयल चेयरमैन, सुभाष चंद गुप्ता महामंत्री, अशोक सतरोडिया कोषाध्यक्ष, पवन सिंघल मुख्य सलाहकार, मंजू सिंघल महिला चेयरपर्सन, रविन्द्र गर्ग युवा चेयरमैन, जय प्रकाश सोमानी उपाध्यक्ष, तारा चंद तायल, अनिल टेकरीवाल, उमा शंकर जी, अशोक बंसल, उमेश कुमार गर्ग संजय अग्रवाल, महेश जैन, संदीप मित्तल, सम्मिलित हुए।

संस्था के गोल्डन स्पोंसर भीम सैन मित्तल साई डाक्यूमेंट्स, राजीव अग्रवाल, सुशील कुमार जैन, श्रवण कुमार जी, मुनि राम जी ने भी भाग लिया। सिल्वर स्पांसर बिहारी दास मंगला, जय प्रकाश सोमानी उपाध्यक्ष, अशोक सतरोडिया कोषाध्यक्ष, और रविंद्र गर्ग युवा चेयरमैन ने बैठक में भाग लेने वाले सभी महानुभावों का स्वागत किया। सभी महानुभावों ने संस्था को और सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाने के सम्बंध में अपने अपने विचार व्यक्त किए। प्रधान जी सभी सुझावों को नोट किया ओर कहा कि अब कोर कमेटी में इन सुझावों पर विचार किया जाएगा।

अध्यक्ष देशबंधु गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2025 में अपनी सदस्य संख्या को 55 हजार से 1 लाख करने का है, इसलिए प्रत्येक पद पर नियुक्त होने वाले महानुभावों के लिए नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जो भी व्यक्ति इन लक्ष्यों को प्राप्त करने पर अपनी सहमति व्यक्त करेगा उसे उसके अनुरूप पद सम्मान सहित प्रदान किया जाएगा। सभी सदस्यों ने प्रधान जी की योजना का समर्थन किया।


# छठी मइया की कृपा से पूरी हों सभी की मनोकामनाएं : विजेंद्र यादव



**नई दिल्ली।** बवाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बादली जेजे क्लस्टर में छठ पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विजेंद्र यादव ने छठी मइया की पूजा करते हुए सभी के जीवन में खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि छठी मइया सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। जो भी श्रद्धा और सच्चे मन से छठी मइया से प्रार्थना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

विजेंद्र यादव ने यह भी कहा कि छठी मइया का आशीर्वाद उन सभी के लिए शक्ति और प्रेरणा का स्रोत बने, जो जीवन में किसी भी प्रकार की विपदा का सामना कर रहे हैं। इस आयोजन में स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उत्साहपूर्वक छठ पूजा में भाग लिया। यह आयोजन समुदाय के आपसी सहयोग और धार्मिक भावनाओं को मजबूत करने का एक अद्भुत उदाहरण है।



BNW DEVELOPMENTS

بي ان دبليو للتطوير العقاري

*Presents*

# 6th GLOBAL BUSINESS ICON AWARDS

## DUBAI




**Wed. 19th Feb., 2025**

Institute By

**NNS**

Media Group Since 1950

The prestigious Business Excellence Awards, 'Global Business Icon Awards' are instituted to highlight and recognize the outstanding performance and results achieved by the leading businessmen across the sectors. 'Global Business Icon Awards' reward those who have worked tirelessly to reach where they are today. These awards are designed to identify and honor such respected companies and their chief executives.

**Gold Partner**

Alpine Living – International Furniture Sourcing

सकरनी

**Knowledge Partner**

UniBound – YOUR PASSPORT TO GLOBAL EDUCATION

**Media Partner :**

दैनिक व्यापार केसरी

BUSINESS STAR – Export-Import English Monthly

मेरी दिल्ली

'Global Business Icon Awards'- 2024 were conferred by Dr. Kabir K.V., the Board of Director, Nabd Al Emarat , Dubai



'Global Business Icon Awards'- 2022 were conferred by Shri Devusinh Chauhan, the Hon'ble Minister of State for Communications, Govt. of India



'Global Business Icon Awards'- 2021 were conferred by Shri Kailash Choudhary, the Hon'ble Union Minister of State for Agriculture & Farmers' Welfare, Govt. of India



'Global Business Icon Awards'- 2019 were conferred by Shri Parshottam Rupala, the Hon'ble Minister of State for Agriculture & Farmers Welfare, Govt. of India



**NNS Online Pvt Ltd**

Meri Delhi House, 25/10, East Punjabi Bagh, New Delhi-110026

Rakesh Goel - 9871412391, Anil Rana - 9810213597, Kamal Joshi - 9910168988

Mob. : 7809809810, 8447733909 • E-mail: nnsonline@nnsonline.com • Web: www.nnsmediagroup.com

Date of Publication- : 10/11/2024
Posted at Delhi R.M.S. on- : 11 / 12 / Nov. / 2024
Postal Regn. : DL (W) 05/2065/2024-2026 RNI No. 49326/89
Posted at LPC Delhi RMS, Delhi-6

